तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार, 9 अप्रैल 2024



11 देवांगन समाज के कर्मठ लोगों का प्रशस्ति पत्र, शॉल...



12 प्रत्येक कार्यकर्ता स्वयं को ताम्रध्वज समझकर...






## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

# ग्रामीणों ने कहा- कोसमकानी में मतदान केंद्र नहीं खुला तो करेंगे चुनाव बहिष्कार

## मतदान करने 2 किलो मीटर दूर पैदल चलकर दहीगांव जाते हैं ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

दूरस्थ इलाके ग्राम कोसमकानी के ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी है। उनकी मांग है कि कोसमकानी पंचायत मुख्यालय में ही मतदान केंद्र खोला जाए। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो वो वोट नहीं डालेंगे। उन्होंने सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय राजस्व देवभोग पहुंचकर आवेदन दिया है। गांव के घेनूराम पटेल, रमशाय हरपाल, कृष्टोराम बीसी और करनधर हरपाल ने बताया कि, कोसमकानी 1994 में ग्राम पंचायत बना था। लेकिन आज भी पुरानी व्यवस्था के तहत उनके गांव के लोगों को 2 किमी दूर पैदल चलकर दहीगांव पंचायत में बने बूथ में जाना होता है। ग्रामीणों का आरोप है कि दहिगांव बूथ पर उनके साथ भेदभाव होता है। स्थानीय लोगों के मतदान करने के बाद ही उन्हें वोट डालने दिया जाता है। विधानसभा चुनाव के दौरान भी मतदान केंद्र खोलने की मांग की गई थी, लेकिन उसे पूरा नहीं किया गया। इसलिए आश्रित ग्राम ऊपर पीठा के साथ मिलकर हस्ताक्षर अभियान चलाकर यह निर्णय लिया गया है। कोसमकानी में कुल 406 मतदाता हैं। इस पंचायत के आश्रित ग्राम ऊपर पीठा के 210 मतदाता डूमरबहाल के बूथ में मतदान के लिए जाते हैं। लोकसभा चुनाव घोषित होने से पहले तहसील स्तर पर प्रस्ताव बनाकर बूथ बनाने की प्रक्रिया चल रही थी। लेकिन राज्य स्तर पर आयोग ने फरमान जारी कर बगैर किसी तब्दीली के विधानसभा में बने बूथ सेटअप ▶▶| शेष पेज 10 पर



### कार्रवाई की जाएगी

देवभोग एसडीएम हितेश पिस्दा का कहना है कि, इसकी जानकारी मिली है। उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। देवभोग तहसीलदार सुशील भोई ने कहा कि, बीमा कंपनी से बात किया गया है। पत्राचार के बाद वंचित किसान को बीमा क्लेम मिलना शुरू हो गया है, जो पात्रता रखते है उन सभी को जरूर मिलेगा। प्रशासन स्तर पर प्रयास के लिए कोई कमी नहीं रखा गया है।



## लापरवाही : भारी मशक्कत के बाद बस को ट्रैक्टर से टोचन देकर निकाला गया बाहर

# बारिश ने खोली घटिया सड़क निर्माण कार्य की पोल, धसा बस का पहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- घंटों देर तक यात्री कर रहे परेशान, सड़क पर जाम की बनी रही स्थिति

नेशनल हाईवे 130 सी में इन दोनों राजिम से पाण्डुका तक फोरलेन सड़क निर्माण कार्य विगत साल भर से चल रहा है। फोरलेन सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता इतनी निम्न स्तर है की सड़क निर्माण अवधि में ही सड़क वाहनों की लोड झेल नहीं पा रहा है। और आए दिन वाहनों की पहिए धस रही है।

विभागीय अधिकारियों के लापरवाही के चलते ऐसा ही एक नजारा सोमवार को भी देखने को मिला। हल्की बारिश ने सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता की पोल खोल कर रख दी। कोपरा और पाण्डुका के बीच एक यात्री बस की पहिए एक बार फिर निर्माणधीन सड़क पर धस कर फंस गया। जिसे भारी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर से टोचन देकर बाहर निकाला गया। इस दौरान घंटो देर तक यात्रा कर रहे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा इसके अलावा सड़क में जाम की स्थिति बनी रही। गौरतलब है कि शासन यातायात सुगम करने अभनपुर से नयापारा और राजिम से पाण्डुका तक फोरलेन सड़क निर्माण कार्य शुरू किया है। इसके लिए शासन ने करोड़ो रुपए लागत राशि से दो अलग- अलग टेंडर जारी किया है। इसके तहत अभनपुर से नयापारा और राजिम से पाण्डुका तक फोरलेन सड़क निर्माण कार्य के लिए ठेका दिया है। जिसमें राजिम से पाण्डुका तक बन रहे हैं फोरलेन सड़क की गुणवत्ता इतनी खराब है कि सड़क निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही धस जा रहा है। सड़क की लंबाई चौड़ाई तो पहले ही कम कर दिया गया। इसके बाद सड़क में निम्न स्तर के मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। सड़क में गिट्टी नाम मात्र के लिए बिछाया गया है।



### घटिया स्तर पर हो रहे निर्माण कार्य

कांग्रेस नेता और जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भावसिंग साहू, प्रशासनिक महामंत्री ठाकुर ओंकार सिंह, उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू ने कहा कि नेशनल हाईवे 130 सी में सड़क निर्माण कार्य बहुत घटिया स्तर पर हो रहा है। ठेकदार अपनी मनमर्जी से सड़क बना रहे हैं इसकी जांच होनी चाहिए।

### कॉल रिसीव नहीं किया

इस संबंध में नेशनल हाईवे में पदस्थ उप अभियंता एनएस तोमर से जानकारी लेने उनके मोबाइल फोन पर कॉल किया गया लेकिन उनके द्वारा कॉल रिसीव नहीं किया गया।

### रोड रोलर से दिया गया कम प्रेशर

सड़क निर्माण कार्य में पानी तराई तक नहीं किया गया। रोड रोलर में उतना प्रेशर नहीं दिया गया। जीतने की जरूरत होती है। यही कारण है जिसके वजह से सड़क धस रहा है। नेशनल हाईवे पर हो रहे फोरलेन सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता को देख जरा भी नहीं लग रहा कि नेशनल हाईवे पर सड़क निर्माण हो रहा, बल्कि ऐसा प्रतीत हो रहा है की किसी बीहड़ वाले इलाके में सड़क बन रहा है। सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर स्थानीय प्रशासन आंख में पट्टी पहले से बांधे हुए वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी चुप्पी साधे हुए हैं।

# मोबाइल टावर से कूदकर नाबालिग बालिका ने दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- मैनपुर पुलिस मामले की जांच में जुटी

जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के ग्राम देवडोंगर में विशेष पिछडी कमार जनजाति की 15 वर्षिय नाबालिग युवती मोबाईल टावर से कुदकर आत्महत्या कर लिया है, मामले की जानकारी लगते ही मैनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कर शव को मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चीरघर लाकर पोस्टमार्डम कर परिजनों को सौप दिया है और पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर जांच विवेचना किया जा रहा है। मैनपुर थाना से मिली जानकारी के अनुसार तहसील मुख्यालय मैनपुर से 15 किलोमीटर दूर पहाडी के ऊपर बसे ग्राम पंचायत कुल्हाडीघाट के आश्रित ग्राम देवडोंगर में रविवार को कुमारी रमुला सोरी उम्र 15 वर्ष ने दोपहर 01 बजे के आसपास मोबाईल टावर में चढकर वहां से कुद कर आत्महत्या कर लिया। जिसकी जानकारी पुलिस को दिया गया पुलिस ने शव को मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया लेकिन देर शाम होने के कारण आज सोमवार को युवकी की शव का पोस्टमार्डम कर परिजनों को सौप दिया गया है, वहीं मैनपुर पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर जांच विवेचना किया जा रहा है। ग्रामीण सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतिका रमुला सोरी के पिता के निधन होने के बाद वह अपने चाचा के यहा रहती थी और आये दिनों घरेलू विवाद होता था ग्रामीणों के अनुसार घरेलू विवाद के चलते नाबालिग लड़की ने पहले टावर में चढ गई और चिल्लाने लगी लेकिन आये दिनों यह आम बात की तरह लोगों ने लिया। अब मृतिका रमुला सोरी ने कूदकर जान दिया या गिरने से मौत हुई यह जांच का विषय है। मैनपुर थाना प्रभारी शिवंशकर हुर्रा ने बताया कि ग्राम देवडोंगर में रमुला उम्र 15 वर्ष का बीएसएनएल टावर के नीचे उनका शव मिला है। जिसका पोस्टमार्डम कर परिजनों को सौपा गया है। और मामले में मर्ग कायम कर जांच विवेचना किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### ब्रम्हचारिणी दरबार में होंगे ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

**राजिम।** मां ब्रम्हचारिणी दरबार में चैत्र नवरात्र पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए भरत साहू ने बताया कि मां ब्रम्हचारिणी माता के दरबार में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की जाएगी। इस संबंध में एक बैठक रखी गई जिसमें फगेंद्र यदु, मेहतरु साहू, भागीराम साहू, तेजेश साहू, दिनेश्वर साहू, यशवंत साहू, ईश्वर सिन्हा, विजेन्द्र वर्मा, ताजराम साहू, भुवन साहू, नारायण देवांगन, गणेश पटेल, तुलसी साहू, संतोष यादव, चुन्नीलाल देवांगन, जनक साहू, लक्ष्मण साहू, रूपलाल साहू, बसंत जाधव शामिल थे।

### मतदान दिवस के दिन 26 को रहेगा अवकाश

**गरियाबंद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान तिथि 26 अप्रैल को जिले में होने वाले मतदान के लिए 26 अप्रैल को सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से आदेश जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गरियाबंद जिले में 26 अप्रैल को मतदान होना है। इसके अंतर्गत जिले के राजिम और बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतदातागण अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे।

### पड़ोसी राज्यों के मतदाताओं को मिलेगा अवकाश

**गरियाबंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत सीमावर्ती जिले में मतदान दिवस के दिन वहां के ऐसे मतदाताओं जो गरियाबंद जिले में किसी निजी संस्थान में नियोजित है, उनको अपने राज्य में मतदान के लिए संवैतनिक अवकाश का लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ के सीमा से लगे हुए आंध्रप्रदेश, ओड़िसा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, ▶▶| शेष पेज 10 पर

## आज चलेगा सेल्फी विथ ईपिक अभियान

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल के विशेष पहल से जिले में मतदाता जागरूकता का अनोखा अभियान 9 अप्रैल को चलाया जायेगा। स्वीप कार्यक्रम के तहत गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल होने जिले की 1 लाख से अधिक महिलाओं द्वारा ईपिक कार्ड के साथ अपना फोटो लेकर जिला प्रशासन द्वारा जारी वाट्सएप नंबर में प्रेषित करने की योजना बनाई गई है। मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने सेल्फी विथ ईपिक अभियान का आयोजन सुबह 7 बजे से सुबह 11 बजे तक किया जायेगा। अभियान के तहत विशेषकर जिले की महिलाएं अपने मतदाता पहचान पत्र के साथ सेल्फी लेकर जिला प्रशासन द्वारा जारी वाट्सएप नम्बर 9589844658 एवं 9111901983 में भेज सकेंगे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले की महिलाओं को मतदाता जागरूकता के इस विशेष अभियान में शामिल होकर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित कर जिले का मान बढ़ाने की अपील की है। उन्होंने जिले की अधिक से अधिक महिलाओं को अपने ईपिक कार्ड के साथ सेल्फी लेकर दिये गये वाट्सएप नंबर में भेजकर वर्ल्ड रिकार्ड बनाने के इस अभियान में भागीदारी निभाने की अपील की है। सेल्फी विथ ईपिक अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम गरियाबंद के गांधी मैदान स्थित मंगल भवन में सुबह 7 बजे से आयोजित किया जायेगा।

# बुजुर्ग महिला का अंतिम संस्कार कराकर पुलिसकर्मियों ने दिया मानवता का परिचय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के पुलिस जहां एक और शांति व्यवस्था बनाए रखने पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करते नजर आ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर अवैध तस्करी गलत कार्य करने वालों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। एक अज्ञात वृद्धि महिला जो बीमार थी उसका बाकायदा अस्पताल में इलाज करवाया और इलाज के दौरान मौत हो जाने पर महिला की परिजनों की तलाश भी किया गया और नही मिलने पर मैनपुर थाना प्रभारी शिव कुमार हुर्रा ने मानवता का परिचय देते हुए अज्ञात शव का कफन दफन भी करवाया। इस दौरान थाना प्रभारी अपने परिजनों के साथ मौके पर उपस्थित थे थाना प्रभारी के इस पुनीत कार्य की क्षेत्र के लोगों के द्वारा खुले मन से प्रशंसा किया जा रहा है।



मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर थाना के टीआई शिवशंकर हुर्रा और पुलिस द्वारा मानवता दिखाते हुए एक 56 वर्षीय अज्ञात महिला के शव जिसके परिजनों का दो दिन तलाश करते हुए पतासाजी नही होने पर मैनपुर टीआई अपने परिवार सहित स्थानीय थाना स्टाफ पुलिस मिलकर उस अज्ञात शव का पूरे रीति रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पिछले कुछ माह से एक बुजुर्ग महिला मैनपुर नगर में इधर-उधर घूम–घूम कर किसी से कुछ मांग कर जीवन यापन कर रही थी। शुक्रवार को उसकी तबियत खराब हुई जिसे मैनपुर टीआई के निर्देश पर पुलिस के जवानों द्वारा मैनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन उसकी तबियत ज्यादा बिगड़ते देख उसे जिला अस्पताल गरियाबंद भेजा गया। जिला अस्पताल में भर्ती करने के बाद भी उसकी तबियत में सुधार नहीं हुआ तब उस महिला को उपचार के लिए शुक्रवार रायपुर ले जाया जा रहा था उसी दौरान बीच रास्ते में महिला की मौत हो गई।



# ब्रह्मदत्त ज्योतिष लोचन की उपाधि से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

अम्लेश्वर स्थित महाकाल धाम में आयोजित विराट ज्योतिष सम्मेलन में नगर के पण्डित ब्रह्मदत्त शास्त्री को ज्योतिष लोचन की उपाधि से सम्मानित किया गया। जानकारी के मुताबिक इस आयोजन में देश भर से 150 से अधिक ज्योतिषी, अंक शास्त्री, हस्त रेखा विशेषज्ञ, टैरो कार्ड और फेंगशुई विधा के जानकार व वास्तु शास्त्री शामिल थे। सम्मानित होकर लौटे श्री शास्त्री ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में विभिन्न राजनीतिक दलों व राजनेताओं की स्थिति 4 जून को ग्रहों की स्थिति, मोदी मैजिक उनके तीसरे कार्यकाल और विश्व की अर्थव्यवस्था में भारत का स्थान विषय पर गहन मंत्रणा की गई। सम्मेलन में रायपुर के ज्योतिष पितामह 90 वर्षीय डॉक्टर अनन्त शर्मा एवं कांकेर की डॉक्टर गीता शर्मा को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया। श्री शास्त्री को सम्मान मिलने पर शहर के गणमान्य नागरिक लालचंद बंगानी, डॉक्टर राजेंद्र गदिया, आर बी शर्मा सर, आचार्य रमाकांत, डॉक्टर टी एन रमेश, गिरधारी अग्रवाल, गिरीश बिस्सा, रमेश चौधरी, डॉक्टर लीलाराम साहू ने बधाई दी।

## नौ दिनों तक धार्मिक कार्यक्रमों की रहेगी धूम

# आज देवी मंदिरों में जलेंगे आस्था के जोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

देवी उपासना का पर्व 9 से शुरू हो जाएगी। जो 17 अप्रैल तक नौ दिनों तक चलेगी। इस दौरान देवी मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों का तांता लगा रहेगा। इस नवरात्र पर्व को लेकर हिन्दू धर्म के लोगो में उत्साह एवं उमंग का माहौल है। यह पर्व हिन्दू समाज को एक नई उत्साह एवं शक्ति प्रदान करने वालीं धार्मिक पर्व है, जिससे हिन्दू धर्म में नई शक्ति के साथ ऊर्जा प्रदान होती है।, शक्ति में भत्ति का चैत्र नवरात्र पर्व आज से शुरू होने जा रहा है। इस पर्व को लेकर श्रद्धालु भक्तों में अच्छा खासा उत्साह अभी से देखा जा रहा है। नवरात्र में श्रद्धालु भक्तों का जनसैलाब देवी मां दर्शन पूजन करने उमड़ पड़ते हैं। इस दौरान देवी मंदिरों में नौ दिनों तक धार्मिक कार्यक्रमो की धूम रहती है। अंचल के प्रसिद्ध देवी पहाडावाली रानी मां केरापानी, गरजाई माता, जटआई ,टेगनाहाई माता समेत अंचल के गांवों में चैत्र नवरात्र पर्व की तैयारी पूरी हो चुकी है। श्रद्धालु भक्तगण अपनी मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराने हेतु रसीदें कटवा चुके हैं।



इसी तरह क्षेत्र के ग्राम मुढीपानी, रूवाड, मेडकीडबरी, फूलबाहरा, दादर गांव नया, कोठी गांव, पंडरीपानी गोंड, कनसिधी, हिराबतर, रक्सी, सेम्हरा, टेगनाबासा, रावनाभाटा, भरूवामुडा, टोनहीडबरी, सिवनी, कामराज आदि गांवों में भी चैत्र नवरात्र पर्व ग्रामीणों द्वारा धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ वही शीतला मंदिरों में व घरों में जवांरा बोए जाते हैं। भत्तगण देवी मां का दर्शन पूजन करने श्रदा भत्ति के साथ श्रीफल एवं श्रृंगार का सामना लेकर मंदिरों में जाते हैं। जहां मां के सामने फरियाद लेकर सिर झुकाकर अपनी मनोकामना पूरी करते हैं। हिन्दू परंपराओं के अनुसार नववर्ष का शुभारंभ आज सूर्योदय के साथ ही 9 अप्रैल को ही मनाया जाएगा। इस दिन नव संवत 2081 शुरू होगा।


## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

# चार नए मेडिकल कॉलेज खोलने की कवायद, चिकित्सा छात्रों को होगा 200 सीटों का फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में चिकित्सा की पढ़ाई करने वाले छात्रों को अगले साल 200 सीटों का फायदा होने की उम्मीद है। कवर्धा, जांजगीर, मनेंद्रगढ़ और गीदम में 50-50 सीटों के कॉलेज शुरू करने की तैयारी है। जिला अस्पतालों से संबंधित इन कॉलेजों के लिए भवन निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू होने की संभावना है।

खास खबर

सूत्रों के अनुसार में हर जिले में मेडिकल कॉलेज की योजना पर काम किया जा रहा है। इस दौर में यहां पिछले कुछ सालों में तीन नए मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किए गए हैं। अगले साल चार अन्य जिलों कवर्धा, जांजगीर, मनेन्द्रगढ़ और गीदम में एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू होने के आसार हैं। सूत्रों के मुताबिक प्रत्येक कॉलेज के लिए भवन निर्माण सहित अन्य संसाधन जुटाने तीन सौ करोड़ से अधिक राशि स्वीकृत की गई है। काम की प्रगति की निगरानी के लिए चार सदस्यीय हाईपॉवर कमेटी भी गठित की जा चुकी है।

नए कॉलेजों के भवन के लिए जिला प्रशासन की मदद से जमीन का चिन्हाकंन किया जा चुका है, जहां निर्माण के लिए आने वाले दिनों में टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी कर ली जाएगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इन कॉलेजों की शुरुआत 50-50 सीटों के साथ करने की योजना बनाई गई है और इसकी संबद्धता जिला अस्पतालों के साथ रहेगी।

## कवर्धा, जांजगीर, मनेंद्रगढ़ और गीदम में 50-50 सीटों के कॉलेज

■ चिन्हांकित स्थानों पर भवन निर्माण के लिए जल्द शुरू होगी प्रक्रिया



### फैकल्टी बड़ी चुनौती

सूत्रों के अनुसार छात्रहित में चिकित्सा महाविद्यालयों के संख्या बढ़ाने जोर-शोर से काम किया जा रहा है, मगर इन कॉलेजों में फैकल्टी की सुविधा जुटाना बड़ी चुनौती है। राज्य के कई शासकीय मेडिकल कॉलेज इस समस्या से जूझ रहे हैं। शासन स्तर पर इस कमी को दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं, मगर इसमें ज्यादा सफलता नहीं मिल पाई है।

### अभी दस शासकीय मेडिकल कॉलेज

राज्य में अभी 10 शासकीय मेडिकल कॉलेजों का संचालन किया जा रहा है, जहां एमबीबीएस की 11 सौ से अधिक सीटें हैं। इसके अलावा साढ़े चार सौ सीटों के साथ तीन निजी मेडिकल कॉलेज भी संचालित हैं। शासकीय स्तर पर कॉलेजों की संख्या बढ़ने की वजह से चिकित्सा छात्रों के पास पढ़ाई के लिए बेहतर विकल्प होंगे।

## खबर संक्षेप

### पूर्व छात्र संघ मुंबई में बनाएं छात्रावास : बैस



**रायपुर।** यह गर्व की बात है कि शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज रायपुर छत्तीसगढ़, जीईसी-एनआईटी के कई पूर्व छात्र मुंबई में विभिन्न सरकारी और अर्धसरकारी संगठनों और उद्योग में योगदान दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ से मुंबई में उच्च शिक्षा, प्रशिक्षण या रोजगार के लिए आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए पूर्व छात्र, छात्रावास बनाने का विचार करें। ये आव्हान महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने किया है।

### सुंदर बहराणा साहिब सजाकर लाने पर मिलेगा पुरस्कार

**रायपुर।** चेटीचंड्र महोत्सव के तहत संत कंवरराम नगर में भगवान झूलेलाल मंदिर में 501 बहराणा साहिब महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम आयोजक राजा बजाज, बंटी बजाज परिवार, सिंधु दुर्गात्सव समिति और सहयोगी बाबा गुरमुख दास सेवा समिति व सेवा पथ संस्था द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पर सेवा पथ संस्था के मीडिया प्रभारी पहलाज खेमानी और शंकर बजाज ने बताया कि इस 501 बहराणा साहिब में जो श्रद्धालु सबसे सुंदर बहराणा साहिब सजाकर लाएंगे, उन्हें पुरस्कार दिया जाएगा। इस तरह 72 श्रद्धालुओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस महायज्ञ में सुनील रामानी, देवराज गुरनानी, दीपक ऐशानी, दर्शन अठवानी, दीपक केवलानी आदि ने सेवा कार्यों को संपन्न करने का बीड़ा उठाया है।

### सामाजिक समरसता बढ़ाने गुप्ता समाज की पहल



**रायपुर।** भुंजवा कान्यकुब्ज वैश्य गुप्ता समाज सेवा समिति की पहल पर टिकरापारा स्थित गोंडवाना भवन में पहली बार सामाजिक होली मिलन का आयोजन रविवार को किया गया। इसके चलते गोंडवाना भवन में खुशनुमा माहौल रहा। विभिन्न क्षेत्रों से आए समाजजनों के बीच सांसद सुनील सोनी भी पहुंचे। उन्होंने समाज द्वारा की गई पहल को सामाजिक एकता के लिए उपयोगी बताया। टिकरापारा स्थित गोंडवाना भवन में दोपहर 2 बजे से शुरू हुए होली मिलन से पहले समाज के बच्चों ने फिल्मी व छत्तीसगढ़ी रीमिक्स गीतों पर प्रस्तुति देते हुए सामाजिक समरसता बढ़ाने आयोजन में शामिल लोगों का भरपूर मनोरंजन किया।

### संतोष रीजन चेयरमैन सुनील बने जोन चेयरमैन





**रायपुर।** लायंस डिस्ट्रिक्ट की डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस दुर्ग में रविवार को हुई, जिसमें नवनिर्वाचित गवर्नर लॉयन सुधीर जैन ने 2024-25 के लिए संतोष गुप्ता को रीजन चेयरमैन एवं लायन सुनील गुप्ता को जोन चेयरमैन नियुक्त किया है। दोनों लायंस क्लब रायपुर सीनियर के पदाधिकारी हैं। उनकी नियुक्ति पर लॉयन डॉ. निरंजन हरितवाल और लॉयस क्लब के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## रायपुर-दुर्ग संभाग के अधिकांश जिलों को भीषण गर्मी में मिलेगा निस्तारी के लिए पानी

# गांवों के सूखे तालाब भरने बांधों से 20 दिनों तक छोड़ेंगे पानी, अंतिम छोर रह जाएगा सूखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में तालाबों के सूखने से लोगों को निस्तारी के पानी की दिक्कत होने लगी है। प्रदेश के ज्यादातर बड़े बांधों में जल भंडारण में गिरावट दर्ज की गई है। जबकि भीषण गर्मी के चलते गांवों के तालाब सूखने लगे हैं और निस्तारी के लिए दबाव बढ़ रहा है। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों के लगातार दबाव के बाद बांधों से निस्तारी के लिए पानी छोड़ा गया है। भीषण गर्मी में लोगों को राहत देने जिला प्रशासन ने पहल की है।

हरिभूमि सरोकार

शहर और गांवों के सूखते तालाबों को भरने और गिरते भूजल स्तर में सुधार लाने के लिए धमतरी समेत प्रदेश के चार जिलों के लिए गंगरेल बांध से निस्तारी पानी छोड़ा गया है। अगले 20 दिनों तक समीक्षा कर पानी छोड़ने का निर्णय लिया गया है।

अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार धमतरी स्थित रविशंकर जलाशय से तीन चरण में 1 अप्रैल को 700 क्यूसेक, 2 अप्रैल को 1400 क्यूसेक और 3 अप्रैल को 3000 क्यूसेक पानी रूद्री बैराज में छोड़ा गया, तो उधर बेमेतरा, बालोद, दुर्ग जिले में दबाव बनने पर तांदुला बांध से 850 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। खरखरा से 250 व मटियामोती से छोड़ा 115 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। रायपुर-दुर्ग दोनों संभागों के गांवों में तालाबों के सूखने की शिकायत लगातार आ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में निस्तारी के लिए पानी छोड़ा जा रहा है।

चर्चा यह भी है कि सभी बड़े बांधों से तालाबों के अनुमान के हिसाब से पानी छोड़ा गया है। यहां से महानदी मुख्य नहर में पानी जा रहा है, जल्द ही सहायक नहरों से शहर व गांवों के तालाबों में निस्तारी पानी पहुंचेगा। पानी छोड़े जाने से बालोद, रायपुर, धमतरी और बलौदाबाजार जिले के तालाबों को फायदा मिलेगा।





### अभी और उठ सकती है पानी की मांग

बताया गया है कि दुर्ग, बेमेतरा, बालोद जिले में 900 के करीब तालाब हैं। गंगरेल से छोड़ा गया 1400 क्यूसेक पानी अभी अंतिम छोर तक नहीं पहुंच पाया है। माना जा रहा है कि अभी और पानी की मांग उठ सकती है। धमतरी जिले के 222 गांवों 350 तालाबों में पानी भरा जाना है। बलौदाबाजार परिक्षेत्र में नहरों के दायरे में आने वाला गांवों में 6 हजार के करीब तालाब हैं। अभी भी वहां 30 प्रतिशत कम तालाब भरे हैं।

### 20 दिनों तक निस्तारी के लिए देंगे पानी

सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार 20 दिनों तक निस्तारी पानी छोड़ने का निर्णय लिया गया है, ताकि गिरते भूजल स्तर की सेहत सुधर सके। धमतरी जिले में गंगरेल में अभी 12 टीएमसी से अधिक जलभराव है। इसमें 7 टीएमसी से अधिक उपयोगी जल के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। वहीं मुरुमसिल्ली में अभी 2.348 टीएमसी, दुधावा में 1.949 टीएमसी और सोंदूर में 2.794 टीएमसी पानी हैं। रूद्री बैराज से जो पानी छोड़ा गया है, उसमें से 421 क्यूसेक पानी नगर निगम रायपुर के उपयोग के लिए है। धमतरी नगर निगम के लिए 25 क्यूसेक पानी और 252 क्यूसेक बीएसपी के उपयोग के लिए भी होगा।

### दोनों सभागों में मॉनिटरिंग

उधर बांधों से पानी छोड़ने के बाद मारामारी की स्थिति से बचने जल संसाधन विभाग ने निगरानी शुरू कर दी है। मॉनिटरिंग करने मैदानी अमले को सक्रिय किया गया है, जिससे अंतिम छोर के गांवों को भी निस्तारी के लिए पानी मिल सके। विभागीय अधिकारियों का दावा है कि बांधों में पेयजल के लिए स्टाक सुरक्षित रखा गया है। गर्मी बढ़ने से जलसंकट पैदा हो रहा है, परंतु निस्तारी के लिए जरूरत मुताबिक निर्णय लिए जाने और गांवों में किसी भी तरह की समस्या नहीं होने का विभागीय दावा किया जा रहा है।

## जाति-धर्म से ऊपर उठ कर स्वतंत्र और निर्भीक मतदान करें : नीलकंठ



**छुरा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला वनोपज संघ के आदेशानुसार प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति मर्यादित पंजीयन क्रमांक 210 में मतदाता जागरुकता अभियान कार्यक्रम के तहत स्वस्थ लोक तंत्र स्थापित कर मतदाओं को शपथ दिखाई गयी। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय जनपद सदस्य व लघु वनोंपज जिलाप्रतिनिधि नीलकंठ सिंह ठाकुर थे। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष चमार सिंह ठाकुर ने किया। विशेष अतिथि बतौर समिति के सदस्य व पूर्व अध्यक्ष सेवन ध्रुव, उपाध्यक्ष आसीन बाई प्रमुख रुप से उपस्थित थे। मुख्य अतिथि नीलकंठ सिंह ठाकुर ने कहा कि देश में चुनाव का महापर्व, देश का गर्व चल रहा है। आप सभी को क्षणिक फायदा देकर व लोक लुभाने वाली बाते कर भ्रमित कर वोट मांगेंगे। सावधान रहेंगे तो देश में स्वस्थ लोकतंत्र की स्थापना कर सकते हैं। जिसके लिए धर्मवाद, जातिवाद से उपर उठ कर स्वतंत्र और निर्भिकता के साथ मतदान करना होगा। प्रबंधक रंजन ध्रुव ने आयोग से प्राप्त शपथ पत्र को पढ़ कर शपथ दिलाया। उक्त कार्यक्रम में मान सिंग ध्रुव युगल किशोर, पवन, राजी, हीरा सिंहा सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## केजरीवाल के रिहाई के लिए उपवास



**राजिम।** आम आदमी पार्टी राजिम विधानसभा के पदाधिकारियों ने राजिम बस स्टेण्ड में अरविन्द केजरीवाल के रिहाई के लिए एक दिवसीय उपवास रखा। जिसमें आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सियाराम ठाकुर, पूर्व जिला अध्यक्ष राजा ठाकुर, जिला प्रवक्ता अरविन्द शर्मा, राजिम ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश शाहू, छुरा ब्लॉक अध्यक्ष चमन यादव, पाण्डुका ब्लॉक अध्यक्ष सेवाराम साहू, महेश यादव एवं अन्य कारकर्ता शामिल हुए। एक विज्ञप्ति में पूर्व जिला अध्यक्ष राजा ठाकुर ने बताया कि सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक राजिम में उसके बाद प्रदेश कार्यालय रायपुर में पदाधिकारी व कार्यकर्ता पंहुचे। श्री ठाकुर ने बताया कि 31 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में लोकतंत्र व संविधान बचाओ रैली में वे स्वयं व मोहन चकधारी शामिल हुए थे।

# टैंकर की डिमांड बढ़ने से पहले निगम ने 12 हजार घरों में दिए नल कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ बिरगांव नगर निगम ने जलप्रदाय के तहत बनी 8 में से 5 नई टंकियों से शुरू की सप्लाई

गर्मी में टैंकर की डिमांड बढ़ने से पहले ही बिरगांव निगम ने 8 पुरानी एवं 5 नई टंकियों से 12 हजार से ज्यादा घरों में नल कनेक्शन शुरू कर दिए हैं। यह पहल किराए के टैंकर का खर्च बचाने के लिए की गई है। अब अप्रैल में ही ट्रांसपोर्ट नगर में बनकर तैयार एक नई पानी टंकी को और शुरू करने की तैयारी है। इसे शुरू करने से एक हजार से ज्यादा नए कनेक्शन धारकों को नल से पानी मिल सकेगा। अभी निगम अपने ही टैंकर से डिमांड पूरी कर रहा है। बिरगांव निगम ने 40 वार्डों में हर घर नल कनेक्शन देने की मुहिम तेज की है। अभी तक बिरगांव, उरकुरा, रावांभाठा और उरला में निगम ने 8 में से 5 नई टंकियों से लोगों को नल कनेक्शन दिए हैं। गर्मी में पानी की डिमांड बढ़ने से पहले ही पुरानी और नई टंकियों मिलाकर 13 टंकियों से 12 हजार से ज्यादा परिवारों को नल कनेक्शन दिए गए हैं। प्राप्त 15 हजार से ज्यादा आवेदनों में से 12 हजार से ज्यादा घरों में नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। इसके बाद भी खारुन नदी से विद्यमान बिरगांव आवर्धन जलप्रदाय योजना के तहत तीन पानी टंकियों को शुरू करना अभी बाकी है। निगम सूत्रों ने बताया कि अप्रैल में ही इनमें से ट्रांसपोर्ट नगर की नई टंकी को भी शुरू करने की तैयारी है। इससे एक हजार से ज्यादा नए कनेक्शन धारकों को जोड़ने का दावा किया जा रहा है।

### नल की धार कम होने पर भेज रहे टैंकर

निगम ने जिन क्षेत्रों में नई और पुरानी टंकियों से 12 हजार से ज्यादा घरों में नल कनेक्शन दिए हैं। उनमें से उरकुरा और रावांभाठा सहित बिरगांव के वार्डों में भी फोर्स कम होने की स्थिति को देखते हुए निगम अपने ही 13 टैंकरों से पानी की सप्लाई दे रहा है। यह प्रयास भी किया जा रहा हे कि एजेंसी के टैंकर का उपयोग करने की स्थिति बनने से पहले ट्रांसपोर्ट नगर की नई टंकी को शुरू किया जाए। ऐसा होने से पानी की किल्लत कम होगी और टैंकर से पेयजल आपूर्ति के लिए तय 80 लाख का फंड भी बचेगा।

### विकल्प के लिए एजेंसी के टैंकर

विकल्प के तौर पर एजेंसी के टैंकर हैं, इनका इस्तेमाल करने की स्थिति अभी तक नहीं बनी है। बचने के लिए 8 नई टंकियों में से 5 को शुरू किया गया है। अप्रैल में ट्रांसपोर्ट नगर की एक और टंकी शुरू करने की तैयारी है। इससे एक हजार नए कनेक्शन जुड़ेंगे।

- **इकराम अहमद,** प्रभारी, जलकार्य विभाग, ननि बिरगांव

■ आदर्श संकल्प सोसायटी से 300 मीटर के दायरे में नया बोरवेल खनन
■ पाइपलाइन बिछाकर पानी आपूर्ति की तैयारी कर रहा निगम अमला
■ सोसायटी के पदाधिकारियों की बैठक

# जहां डायरिया फैला, वहां नजदीक ही बोर, सोसाइटी ने की आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड के लभांडी इलाके में स्थित आदर्श संकल्प सोसायटी में सीवरेज का दूषित पानी बोरपंप में मिलने से 100 लोगों के डायरिया संक्रमण का मामला सामने आया था। अब निगम प्रशासन ने प्रभावित इलाके के रहवासियों को साफ पानी मुहैया कराने 300 मीटर के दायरे में नया बोरवेल खनन के लिए जगह चिन्हांकित की है।

बोरवेल खनन स्थल को लेकर सोसायटी के रहवासियों ने ऐतराज जताया है। अध्यक्ष सूरज यादव का कहना है, नगर निगम के अधिकारी जिस जगह पर सोसायटी के लिए बोरवेल खनन करा रहे हैं, वहां से गांव का गंदा पानी कच्ची नाली से होकर बहता है। ऐसे में सीवरेज का गंदा पानी दोबारा जलस्त्रोत को दूषित कर सकता है, इसलिए बोरवेल खनन सुरक्षित जगह कराया जाए। लभांडी इलाके की आदर्श संकल्प सोसायटी में होली से पूर्व बोरेवल के पानी में सीवरेज का पानी रिसने से डायरिया फैलने के बाद पानी सैंपल में ई-कोलाई बैक्टीरिया मिलते ही सोसायटी के 2 बोरवेल सील कर दिए गए थे। साथ ही इन बोरवेल के पानी पीने से मना किया गया। नगर निगम जोन-9 द्वारा निगम आयुक्त के निर्देश पर संबंधित इलाके में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए नया बोरवेल खनन कराया जा रहा है, पर बोरवेल खनन के लिए चयनित नए स्थल को लेकर सोसायटी ने ऐतराज जताया है। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित इस आवासीय परिसर में 26 ब्लाक में 324 परिवार निवासरत हैं। 2 साल पहले भी यहां डायरिया फैला थाख उस समय दूषित पानी पीने से 58 लोग डायरिया के शिकार हुए, इनमें 2 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद भी निगम प्रशासन वहां सीवरेज के लिए अलग से व्यवस्था नहीं करा पाया है। अभी भी वहां के रहवासी ग्राउंड वाटर पर निर्भर हैं।

### जनहित याचिका दायर पर विचार

*कॉलोनी की निवासी अधिवक्ता आरती शर्मा ने बताया, आदर्श संकल्प सोसायटी की पानी की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो जनहित याचिका लगाकर दोषी अधिकारी पर कार्रवाई की मांग करेंगे।*

### ब्लाक के पास के सेप्टिक टैंक हटाने की मांग

आदर्श संकल्प सोसायटी फेज परिसर में रविवार को यहां के रहवासियों की बैठक हुई। समिति के अध्यक्ष सूरज यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में डायरिया से पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहयोग करने की अपील की गई। साथ ही दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने, ब्लाक नंबर 5 के रहवासियों ने सेप्टिक टैंक को वहां हटाने की मांग की। बैठक में आदर्श संकल्प सोसायटी फेज-2 के रहवासियों के लिए पीने के पानी की स्थायी व्यवस्था करने, आदर्श संकल्प सोसायटी से लेकर ब्रह्मदेव नगर छोकरानाला तक गंदे पानी के निकास के लिए नाला बनाने की मांग की। सोसायटी के सचिव सहदेव ने कहा कि पानी की समस्या दूर नहीं हुई तो कॉलोनीवासी सड़क पर उतरेंगे। बैठक में अध्यक्ष सूरज यादव, उपाध्यक्ष सातो पनका, सचिव सहदेव सोनी, कोषाध्यक्ष आलेख बाग सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

■ जिला अस्पताल परिसर में चिकित्सकों को आवास सुविधा का मामला

# इमरजेंसी पर तत्काल अस्पताल पहुंचने वाले डॉक्टरों की आवास सुविधा में लेटलतीफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इमरजेंसी होने पर तत्काल मरीज के इलाज के लिए अस्पताल में डॉक्टरों की मौजूदगी के लिए जिला अस्पताल में बनाई गई आवास योजना काफी लेट हो चुकी है। करीब तीन साल पहले बनाई गई इस योजना के तहत भवन तो तैयार कर लिया गया है, मगर अभी तक एक भी चिकित्सक वहां शिफ्ट नहीं हो पाए हैं।

जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में सेवा देने वाले चिकित्सकों को परिसर में ही आवास सुविधा उपलब्ध कराने के लिए करीब तीन साल पहले आवास योजना तैयार की गई थी। योजना को मंजूरी मिलने के बाद वहां काफी लंबी प्रक्रिया के बाद आवास का निर्माण किया गया था। भवन निर्माण हुए करीब आठ माह से अधिक समय गुजर चुका है, मगर आवंटन होने के बाद भी कोई भी चिकित्सक वहां अब तक वहां शिफ्ट नहीं हो पाया है। सूत्रों के अनुसार सीजीएमएससी के माध्यम से बनाए गए इस आवास में बिजली फिटिंग सहित कुछ मूलभूत सुविधाएं जुटाने के काम पूरा नहीं हो पाया। वहीं कुछ चिकित्सकों को भवन के पीछे बने कुछ घरों को लेकर आपत्ति है। इस संबंध में जिला स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों का ध्यान आकृष्ट कराया गया है, मगर अब तक इसके समाधान के लिए अब तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जा सकी है।

### कई तरह की दिक्कत

सूत्रों के अनुसार वर्तमान में जिला अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक शहर के विभिन्न स्थानों में रहते हैं। ओपीडी के बाद सीनियर ऑन कॉल ड्यूटी पर रहते हैं, मगर किसी तरह की आपात स्थिति होने पर अस्पताल में उनकी जरूरत होती है तो समय पर पहुंचने में उन्हें विलंब हो जाता है और इसके लिए कई तरह के बहाने भी बनाए जाते हैं।




### आठ चिकित्सकों के लिए आवास

जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में चिकित्सकों के लिए जो आवास तैयार कराए गउ है, उसमें चार भूतल और चार क्वार्टर प्रथम तल पर स्थित हैं। इस भवन का उपयोग अभी शुरू नहीं किया जा सका है। दूसरी ओर स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन जैसे स्टाफ को अस्पताल परिसर में ही रहने के लिए सुविधा पहले ही दी जा चुकी है।

## पेज 9 के शेष...

### ग्रामीणों ने कहा-...

के आधार पर चुनाव कराने कह दिया। कोसमकानी में 100 से ज्यादा किसानों का कृषि लोन के साथ फसल बीमा हुआ था। कम वर्षा के कारण उत्पादन प्रभावित हुआ, तो ग्रामीण एक दाना धान नहीं बेच पाए। पटवारी के क्रॉप कटिंग और कृषि विभाग के पंचनामा के आधार पर उत्पादन प्रभावितों के दायरे में भी आ गए। लेकिन पोर्टल पर चढ़ाए जाने वाले प्रक्रिया के समय राज्य कार्यालय से ही फसल प्रयोग का रेंडम नंबर जारी नहीं हुआ। सिस्टम की इसी खामी के कारण प्रभावितों का रिपोर्ट ऑनलाइन नहीं चढ़ पाया। जिससे फसल बीमा की राशि से भी वंचित होना पड़ा। अब वो दफ्तर का चक्कर लगाने को मजबूर हैं। इसलिए उनमें आक्रोश है।

### पड़ोसी राज्यों के...

उत्तरप्रदेश, झारखण्ड एवं तेलांगाना राज्य के मतदाताओं को जो गरियाबंद जिले के निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार व्यवसाय नियोजित है, ऐसे मतदाताओं को उनके राज्य के मतदान दिवस को मतदान के लिए संवैतनिक अवकाश मिलेगा। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से जरूरी आदेश जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिले में द्वितीय चरण अंतर्गत 26 अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए राज्य शासन द्वारा संवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है। साथ ही पड़ोसी राज्यों के बहुत से मतदाता जो छत्तीसगढ़ में कार्यरत है, उनको भी उनके गृह राज्य के मतदान दिवस के दिन संवैतनिक अवकाश प्रदान किया गया है।

## खबर संक्षेप



### विजय संकल्प अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में प्रमोद ने किया जनसंपर्क

**सरायपाली।** लोकसभा चुनाव प्रचार-प्रसार अभियान और बूथ विजय संकल्प अभियान के तहत चाय पर चर्चा का कार्यक्रम हुआ। सरायपाली विधानसभा भाजपा मंडल केदुवां के शक्ति केंद्र डुडुमचुवां अंतर्गत ग्राम मोहनमुंडा में बैठक हुई। बैठक में मंडल अध्यक्ष संजय डडसेना एवं सरायपाली मंडल महामंत्री प्रमोद कुमार सागर ने संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रमोद पटेल, वरिष्ठ कार्यकर्ता जयलाल पटेल, जनपद सदस्य कुसुम सिदार, निलाम्बर दीवान, गजानंद पटेल, पुस्तम राणा, बसंत पटेल, बुधसिंह चौहान, सम्पत पटेल, मीडिया प्रभारी सुरोतीलाल मौजूद रहे।

### मतदान तिथि के दिन संवैतनिक अवकाश घोषित

**महासमुंद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जारी कार्यक्रम अनुसार मतदान के दिन संबंधितों को संवैतनिक अवकाश प्रदान किए जाने श्रम विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश में आंध्रप्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, झारखंड एवं तेलंगाना राज्य के लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान दिवस के दिन पड़ोसी राज्य के बहुत से मतदाता जो छत्तीसगढ़ में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों/दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार/व्यवसाय में नियोजित है, ऐसे नियोजित/कार्यरत प्रत्येक कामगार को लोक प्रतिनिधित्व 1951 की धारा 135 ख के तहत मतदान तिथि के लिए संवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में सर्व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं सर्व विभाग प्रमुखों को आवश्यक कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है।

# देवांगन समाज के कर्मठ लोगों का प्रशस्ति पत्र, शॉल व श्रीफल से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

गरियाबंद जिला देवांगन समाज का वार्षिक अधिवेशन फिंगेश्वर राज देवांगन समाज के तत्वाधान में ग्राम जमाही में शानिवार को आयोजित किया गया। जिसमें समाज के कर्मठ लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां परमेश्वरी के पूजा अर्चना आरती कर किया गया। प्रथम चरण पर अतिथियों एवं जिले के समस्त पदाधिकारियों का सम्मान फूलमाला, शॉल, साफा श्रीफल से किया गया। तत पश्चात प्रथम सत्र का कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे समस्त स्वजातीय बंधुओं के भोजन के पश्चात द्वितीय सत्र प्रारंभ किया गया। द्वितीय सत्र के प्रारंभ में समाज के शिल्पिकारो स्वर्गीय ताराज्ञान देवांगन छुरा, स्वर्गीय थानु राम देवांगन बोरसी, स्वर्गीय दशरथ देवांगन बेलटुकरी, स्वर्गीय दाऊलाल देवांगन खल्लारी, स्व.पुनाराम देवांगन फुलकर्रा के मरणोपरांत उनके परिवार के लोगों को देवांगन समाज रत्न का प्रशस्ति पत्र, शॉल, श्रीफल एवं मोमेंटो से से सम्मानित किया गया। वहीं पर समाज के लिए तन, मन, धन समर्पित करने वाले कर्मठ लोगों को देवांगन समाज के जिला संगठक संयोजक रोशन देवांगन फिंगेश्वर, पंचम देवांगन छुरा, मोती देवांगन छुरा, धरमु देवांगन गरियाबंद, कमल नारायण देवांगन बेलटुकरी, पुराण देवांगन, सेंन्दर, देवसिंग देवांगन सिंधौरी, बिहारी देवांगन छुरा, प्रह्लाद देवांगन जमाही, रामकुमार देवांगन खल्लारी को श्रीफल, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही बोर्ड एग्जाम में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले मेघावी विद्यार्थी को भी प्रशस्ति पत्र एवं 1100 रुपये नगदी रकम से सम्मानित किया गया। ततपश्चात जातीय पंचायत प्रारंभ किया गया। समाज के जिला कोषाध्यक्ष नारद देवांगन के द्वारा आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। ततपश्चात आये हुवे आवेदनों का निराकरण किया गया इसके पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया।कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव परस देवांगन एवम राज के सचिव योगेश देवांगन द्वारा किया गया। वही पर आभार प्रदर्शन रोशन देवांगन फिंगेश्वर ने किया।

### बोर्ड एग्जाम में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले मेघावी विद्यार्थी का सम्मान





#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम पे उपस्थित जिला संगठक संयोजक एवं फिंगेश्वर राज देवांगन राज अध्यक्ष रोशन देवांगन, जिला अध्यक्ष चिरंजीव देवांगन, सचिव परस देवांगन, कोषाध्यक्ष नारद देवांगन, सह सचिव रामकुमार देवांगन खल्लारी, जिला संरक्षक बिहारी देवांगन बोरसी, जिला संरक्षक बिहारी देवांगन छुरा एवं खल्लारी राज अध्यक्ष यतिन देवांगन, छुरा राज अध्यक्ष पंचम देवांगन, वृन्दानवागर अध्यक्ष घनश्याम देवांगन, खल्लारी राज संरक्षक ऋषि देवांगन, रविशंकर देवांगन साथ ही देवांगन समाज के लोग उपस्थित थे।

## समस्या : छोटे मेटाडोर में भरकर ला रहे कलिंदर को यहां के सब्जी एवं फल विक्रेता कर रहे खरीदी

# राजिम में अब नहीं होती कलिंदर की खेती महासमुंद और सिरपुर से आ रहा बाजार में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

कभी जमाने में कलिंदर की खेती के लिए राजिम पूरे प्रदेश में ही नहीं बल्कि कई अन्य प्रदेशों में काफी मशहुर रहा हैं। यहां का कलिंदर दिल्ली और मुम्बई तक गया हैं। राजिम के कलिंदर के नाम से ही वहां के मार्केट में लोग हाथो-हाथ उठा लेते थे। अब वह जमाना चला गया हैं। खुद राजिम अब ऐसे मीठे रसीले कलिंदर के लिए तरसने लगा हैं। पिछले कई वर्षो से राजिम के मार्केट में बिकने के लिए बाहर से कलिंदर आ रहा हैं। राजिम के किसान किशोर पटेल के मुताबिक अभी जो कलिंदर यहां सब्जी मार्केट में आ रहा हैं वह महासमुंद, सिरपुर का हैं जो महंगा हैं। बावजूद गर्मी के इस रसीले कलिंदर की डिमांड अच्छी हैं। किलो की बात करें तो 10 रूपए चल रहा हैं। वजन में 5-6 किलो का एक कलिंदर रहता ही हैं जो 50-60 रूपए के भाव से बिक रहा हैं। छोटे मेटाडोर में भरकर ला रहे कलिंदर को यहां के सब्जी एवं फल विक्रेता ले रहे हैं। राजिम से लेकर नवापारा के बीच तक कलिंदर के कई पसरे सड़क किनारे लगे हुए हैं। जानकारी रखने वालो ने बताया हैं कि बाजार में बेचने वाले उत्पादक तो दिखते ही नहीं। ऐसी भी जानकारी मिली हैं कि कोचिए सीधे बाड़ी में पहुंचकर एकमुश्त लेकर भी आ जाते हैं और अपने हिसाब से कीमत लगाकर बेचते हैं। कुछ साल पहले तक जो कलिन्दर 20-30 रुपए मिला करता था, वह अब सीधा 50 रूपए हो गया है। बड़ा कलिंदर 60, 70 और 80 रूपए तक बिक रहा हैं। गर्मी के सबसे मीठे रसीले इस फल की डिमांड बहुत बढ़ी हुई है। खास और आम सारे लोग इसे खरीद रहे हैं।

### राजिम के नाम से हाथों-हाथ बिक जाता था

बात जब राजिम क्षेत्र के कलिन्दर का था तब तो पूछो ही मत। राजिम का कलिन्दर नाम से बिकता रहा है। केवल छत्तीसगढ़ के शहरों में ही नहीं, बल्कि मुम्बई, दिल्ली, उड़ीसा, मध्यप्रदेश से लेकर विदेशों तक में यहां के कलिन्दर की डिमांड रहती थी। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर सहित दुर्ग, राजनांदगांव, भिलाई जैसे शहरों में भी राजिम का ही कलिन्दर जाते रहा है।



#### यहां होती थी रसीले कलिन्दर की खेती

पूरे देश भर में मशहूर राजिम क्षेत्र अब अपने ख्याति के अनुरूप एकदम बम लाल रसीले कलिन्दर की खेती के लिए शून्य हो गया है। कृषकों की रूचि खत्म हो गई है। कारण चाहे जो भी हो। वैसे महानदी के कछार से लगे हुए गांव राजिम, पितईबंद, रावड़, बुड़ेनी, नवागांव, चंद्रसूर, लखना,चंपारण कलिन्दर की खेती के लिए जाने जाते थे।

### कोचिए खेत में खड़ी फसल का कर लेते हैं सौदा

जानकारो के मुताबिक बाड़ी तक पहुंचकर कोचिए थोक के भाव में एक साथ ले लेते हैं और बाजार में अपनी मर्जी का रेट लगाकर बेचते हैं। चूंकि कलिन्दर गर्मी के कुछ ही दिन तक मिलता है। इसलिए लोग इसका स्वाद चखने के लिए मजबूरी में ही सही, खरीदने के लिए विवश हो जाते हैं। इस बार कलिन्दर की आवक महीने भर पहले से ही शुरू हो गई है। महासमुंद, सिरपुर के महानदी में लगाई गई बाड़ी से ही हाथों-हाथ उठ जाने वाला कलिन्दर व्यवसायी के मार्फत बाजार पहुंच रहा है, लिहाजा रेट बढ़ना स्वाभाविक ही है। महानदी और पैरी की धार में होने के वजह से कलिन्दर का स्वाद काफी रसीला और मिठास भरा है।

### खम्हारमुड़ा में कर्मा जयंती पर निकाली गई कलशयात्रा

**महासमुंद।** साहू समाज ग्राम खम्हारमुडा में भक्त माता कर्मा की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाया गया। रविवार को सुबह 11 बजे एक लघु सभा का आयोजन समाज प्रमुख मनोहर साहू, उत्तम साहू, बरातु साहू के नेतृत्व में भक्त माता कर्मा की तैल चित्र की पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया गया। उत्तम साहू ने माता कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माता कर्मा बाल्यकाल से ही कृष्ण भगवान को खिचड़ी का भोग लगाते थे, जिसे भगवान स्वयं ग्रहण करते थे, जिसका प्रमाण आज पूरी की जगन्नाथ मंदिर में कर्मा माता भोग खिचड़ी के रूप में लगाई जा रही है। लघु सभा के बाद ग्राम की पांच महिला प्रमुख कुंती साहू, वीणा साहू, रेखा साहू, द्रुपद साहू, लता साहू, केशर साहू, पद्मिनी साहू के साथ 51 नारी शक्ति द्वारा पूरे गांव में कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें लगभग 500 महिला व पुरुष सम्मिलित हुए।

शाम 4 बजे रामायण मंडली बाल सखा मानस परिवार बिहाझर बागबाहरा, भोथा मानस परिवार कसेकेरा बागबाहरा का आयोजन हुआ। जिसमें ग्राम प्रमुख कुबेर गिरी, रोमांतक गिरी, दिनेश्वर गिरी के आतिथ्य में नन्हे-मुन्ने बच्चे जो छठवीं, सातवीं, आठवीं द्वारा वाद्य यंत्र सहित मानस गान व टीका किया गया, जो सराहनीय रहा।

## परसदाकला शक्तिकेंद्र में मना भाजपा का स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

ग्राम परसदा कला में भाजपा शक्ति केंद्र द्वारा भाजपा का स्थापना दिवस भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला गरियाबंद के वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू थे। वहीं पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्यारेलाल सोनकर, उपाध्यक्ष अशोक साहू, उपाध्यक्ष जनक श्रीवास एवं प्रेमलाल टोडर उपस्थित की उपस्थिति मे कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

इस अवसर पर रामूराम साहू ने कहा कि देश की आजादी के बाद सन 1951 में भारतीय जनसघ की स्थापना हुआ और वही आगे चलकर 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी के रूप में मुंबई के ताल कटोरा स्टेडियम में स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के प्रथम अध्यक्ष बनने के साथ भाजपा का स्थापना हुआ। लगातार नेताओं के संघर्ष एवं प्रयास से प्रथम बार दो सांसद चुनकर आने वाला भाजपा पार्टी आज विश्व के सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनकर काम कर रही है। पूर्व में स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई एवं लाल कृष्ण आडवाणी तथा मुरली मनोहर जोशी के नेतृत्व में पार्टी को मजबूती मिला और आगे चलकर आज देश के प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी चौमुखी विकास देश मे कर रहे हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं शक्ति केंद्र प्रभारी रामू राम साहू, मंडल अध्यक्ष डॉ प्यारेलाल सोनकर, मंडल उपाध्यक्ष जनक श्रीवास अशोक साहू, प्रेमलाल टोडर, विनोद साहू, गिरधारी निषाद, फतेह लाल साहू युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रवि साहू सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा के साथ-साथ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## फिंगेश्वर के दो शक्ति केंद्रों में मना भाजपा का 45 वां स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फिंगेश्वर शक्ति केंद्र के दो बूथो में भारतीय जनता पार्टी के भाजपा महिला नेत्रियों के द्वारा 45 वां स्थापना दिवस को लाभार्थी सम्मेलन के रूप मे मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर शक्ति केन्द्र प्रभारी मंजू हरित ने प्रकाश डाला और बताया कि 6 अप्रैल 1980 के समय स्थापना के बाद हमारे भाजपा नेताओं के लगातार संघर्षों के बाद आज भाजपा देश की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी के रूप मे जानी जाती है। आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गांव, गरीब किसानो के लिए योजनाये बनाकर उनका लाभ दिला रहे है। वे देश को आर्थिक विकास की दिशा में अग्रसर कर रहे है। देश ही नहीं वरन्‌ पूरे विश्व में भारत का नाम उंचा कर रहे हैं। इस बार के चुनाव में अब की बार 400 पार के नारों को सफल बनाना होगा। इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रभारी मंजू लता हरित, बुथ अध्यक्ष राकेश सिन्हा, युवा मोर्चा से वैभव सोनी, शीतल राजपूत, हेमा सोनी, मीना सोनी, कौशल्या, रानी, पूर्णिमा केसरी, शांति, सावित्री, बूंदा बाई जोत, रामायण बाई, मालती विश्वकर्मा, तजिया यादव, अंजलि निषाद, उमाबाई, जानकी, गंगा, उत्तरा, बिंदु साहू आदि बहुत से लाभार्थी सम्मिलित हुए।

## क्षेत्र के कांग्रेसी नेता भाजपा में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा





लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी द्वारा लगातार जनसंपर्क कर आम जनता को भाजपा के पक्ष में लामबंद कर चुनाव में मजबूती से आगे बढ़ रही है। इस कड़ी में कांग्रेस के जनप्रतिनिधि, नेताओं व कार्यकर्ताओं को लगातार भाजपा प्रवेश भी कराया जा रहा है। इस जनसंपर्क के जरिए कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी जो कांग्रेस से उपेक्षित हो रहे हैं ऐसे पदाधिकारियों को भाजपा प्रवेश कराकर भारतीय जनता पार्टी को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। इस जनसंपर्क एवं प्रचार अभियान के दौरान भाजपा प्रत्याशी रुपकुमारी चौधरी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए आप सबका आशीर्वाद जरूरी है। भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाकर तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए सहयोग करें। विधायक रोहित साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नाव में छेद हो चुकी है, कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व में भी भगदड़ मची हुई है अब उस छेद हो चुके नाव में कोई सवार नहीं होना चाहता। सभी लोग सुशासन से प्रेरित होकर अब भाजपा में प्रवेश कर रहे हैं। कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश साहू व अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। इस दौरान ग्राम परसदा खुर्द के कार्यक्रम में सरपंच विष्णु नागेश ने कांग्रेस का दामन छोड़कर भाजपा प्रवेश किया तथा गोंदलाबाहरा की सभा ने जयदीप साहू के नेतृत्व में ब्लाक कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्य अशोक पटेल, मेटो बाई सरपंच गोंदलाबाहरा, एवं ग्राम पंचायत साजापाली सरपंच प्रतिनिधि डोमन दीवान सहित दर्जनों कांग्रेस पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रीति नीति व विधायक रोहित साहू की कार्यशैली से प्रभावित होकर भाजपा प्रवेश किया। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्यगण चंद्रशेखर साहू, केशरी ध्रुव, फिरतु राम कंवर, मधुबाला रात्रे, जनपद अध्यक्ष छुरा तोकेश्वरी मांझी,भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष हरित, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अंजू नायक, भाजपा मंडल अध्यक्ष पीलू राम यादव, सरपंच संघ अध्यक्ष लेखराज ध्रुवा, बोधन साहू, मानसिंह निषाद, नगर पंचायत छुरा की पार्षद मीना चंद्राकर, संतोषी श्रीवास्तव, लक्ष्मी श्रीवास्तव सहित अनेक जनप्रतिनिधि व भाजपा पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## यज्ञहवन, कपिला तर्पण एवं भंडारे के साथ कथा का हुआ समापन

# श्रीमद्भागवत कथा सुनने से राजा परीक्षित को हुई मोक्ष की प्राप्ति : पंडित रत्नेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा





नगर के आमापारा में स्वर्गीय लतेल राम यादव एवं स्वर्गीय घांसी राम यादव की पुण्य स्मृति में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत का सोमवार को तुलसी वर्षा, गीता सार व परीक्षित मोक्ष की कथा के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान आयोजक परिवार द्वारा भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। कथा वाचक पंडित रत्नेश राम मिलन पांडेय जी महराज ने समापन अवसर पर हवन-पूजन किया। उन्होंने बताया कि श्रंगी ऋषि के श्राप को पूरा करने के लिए तक्षक नामक सांप भेष बदलकर राजा परिक्षित के पास पहुच उन्हें डस लेता है और जहर के प्रभाव से राजा का शरीर जल जाता है, उकसी मृत्यु हो जाती है। व हीं श्रीमद्भागवत कथा सुनने के प्रभाव से राजा परीक्षित को मोक्ष प्राप्त होता है। पिता की मृत्यु को देखकर राजा परीक्षित के पुत्र जन्मेजय क्रोधित होकर सांप को नष्ट करने आहुतियां यज्ञ में डलवाना शुरू कर देते हैं, जिनके प्रभाव से संसार के सभी सांप यज्ञ कुंडों में भस्म होना शुरू हो जाते हैं, तब देवता सहित सभी ऋषि मुनि राजा जन्मेजय को समझाते हैं और उन्हें ऐसा करने से रोकते हैं। समापन अवसर पर आयोजक यादव परिवार सहित नगर के लोगों ने खुलकर चढ़ोत्तरी भी चढ़ाई।

भगवताचार्य ने कहा कि कथा श्रवण से जन्म जन्मांतरों के पापों का नाश होता है और विष्णुलोक की प्राप्ति होती है। कहा कि संसार में मनुष्य को सदा अच्छे कर्म करना चाहिए, तभी उसका कल्याण संभव है। माता-पिता के संस्कार ही संतान में जाते हैं। संस्कार ही मनुष्य को महानता की ओर ले जाता है। श्रेष्ठ कर्म से ही मोक्ष की प्राप्ति संभव है। अहंकार मनुष्य में ईर्ष्या पैदा कर अंधकार की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि श्लोक कर्मण्ये वाधिकारस्ते मा फलेसु कदा चनिः। मनुष्य को सदा सतकर्म करना चाहिए। बाकि सब ईश्वर पर छोड़ देना चाहिए। आयोजक परिवार ने आगन्तुक सभी स्रोतागणों, नगरवासियो को भंडारा प्रसाद, वस्तुदान कर यज्ञ हवन के साथ पुर्णाहूती कर श्रीमदभगवद महापुराण यज्ञ का सम्पन्न किया। इस अवसर पर आयोजक फुल्कंवर यादव, हरीश यादव, तेजस्वी यादव, परीक्षित यशवंत यादव, अंगेशवर(कुसुम)यादव,तिलेश्वर यादव एवं परिवार की माताओ बहनो ने सभी नगर एवं क्षेत्रवासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।



### बच्चों को खीर-पूरी व फल का वितरण

**राजिम।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला दमौवापारा में सोमवार को श्यामा अग्रवाल की सुपुत्री कुमारी निहारिका अग्रवाल के 20वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में न्योता भोज कराया गया। भोजन में खीर, पुड़ी, बड़ा और फल वितरण किया गया। जिसमें संस्था के प्रधानपाठक द्वय यशवंत साहू ,सुनीता यादव, रेखा शुक्ला, योगेश्वर ध्रुव, भारती नामदेव, नरेंद्र देवांगन, देवेंद्र नागेश, यशोदा सोनकर, दामिनी पटेल, चांदनी कंसारी, रम्भा ध्रुव, रसोईया गणेशा निषाद, कल्याणी यादव, प्रतिभा देवांगन, पूर्णिमा देवांगन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### 40 ग्रामीणों ने किया कांग्रेस में प्रवेश

**मैनपुर।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू बिन्द्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भावसिंह साहू एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम के उपस्थिति में सोमवार को पूर्व जनपद सदस्य एंव जोगी कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष सुखचन्द्र ध्रुव के नेतृत्व में 40 से ज्यादा ग्रामीणों ने कांग्रेस प्रवेश किया। जिन्हे कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने कांग्रेस का गमछा भेंटकर एवं फूलमाला पहनाकर कांग्रेस प्रवेश करवाया। इस दौरान सुखचन्द्र ध्रुव ने कहा कि कांग्रेस के नीति, रीति और गरीब आदिवासी एवं सभी वर्गो के हितों में चलाये जा रहे कार्यों को देखकर कांग्रेस प्रवेश किये है। इस मौके पर उनके साथ नरेश कुमार नेताम, हरख राम नेताम, टीकम सिंह नेताम, रामुराम नेताम, बलियार, अर्जुन सिंह नेताम, संतराम, चैतराम मंडावी, नरोत्तम, बृजलाल नेताम, थानुराम, कोमल सिंह, देवीसिंह, चन्द्रभान, दुकालू राम, बहुर सिंह, राजाराम, ईश्वर, लालसिंह, घनश्याम, भानुप्रताप, रामचंद, सुंदर सिंह, खेमराज, राजमन मरकाम सहित 40 से ज्यादा ग्रामीणों ने कांग्रेस का दामन थामा।

### तीन दिनों में 23 हजार की शराब जब्त

**महासमुंद।** जिला पुलिस ने बीते तीन दिनों में 23 हजार रुपए से ज्यादा का शराब जब्त किया है। पुलिस ने कुल 13 प्रकरणों में 97.92 लीटर शराब कीमत 23440 रूपये जब्त कर 13 आरोपियों के विरूध्द आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि थाना बसना में 07 प्रकरणों में 07 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 49.16 लीटर शराब कीमत 10840 रुपए जब्त, थाना बागबाहरा में 01 प्रकरणों में 01 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 10 लीटर शराब कीमत 2000 रुपए जब्त, थाना कोमाखान में 01 प्रकरणों में 01 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 14 लीटर शराब कीमत 2800 रुपए जब्त, थाना पटेवा में 01 प्रकरणों में 01 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 10 लीटर शराब कीमत 3000 रुपए, थाना बलौदा में 01 प्रकरणों में 01 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 04 लीटर शराब कीमत 800 रुपए जब्त, थाना महासमुंद में 01 प्रकरणों में 01 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 5.76 लीटर शराब कीमत 3200 रुपए जब्त, थाना पिथौरा में 01 प्रकरणों में 01 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 04 लीटर शराब कीमत 800 रुपए कर आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया जाकर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

## निधन

### चैनसिंग दीवान

**मुड़ागांव(कोरासी)।** अकलवारा निवासी शिक्षक चैनसिंग दीवान का बीते दिनों 6 अप्रैल को निधन हो गया।उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। अंतिम संस्कार में ग्राम के गणमान्य नागरिक व परिजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे सब इंस्पेक्टर सुरेश दीवान के पिता थे।



**समस्या : मैनपुर नगर के दोनों निस्तारी तालाब सूखे, मृत्यु संस्कार के लिए जल नहीं**

# अप्रैल के प्रथम सप्ताह में 65 से अधिक तालाब मैदान में हुए तब्दील, बढ़ी निस्तारी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खास खबर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के दोनों निस्तारी तालाब पूरी तरह सुख गया है। अप्रैल माह में एक बूंद भी इन दोनों तालाब में पानी नहीं है और तालाब को पानी भरने के लिए जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जबकि तालाब में पानी भरने के लिए बोर खनन किया गया है। लेकिन यह बोर बंद पड़ा हुआ है। कई बार नगर के लोगों ने तालाब को पानी भरने वाले ट्युबवेल को प्रारंभ करने की मांग को लेकर थक चुके हैं, लेकिन जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत के उदासीन रवैया के कारण इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है, और तो और अब मृत्यु संस्कार जैसे कार्यक्रमों के लिए लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। मृत्यु संस्करण के लिए तालाब में पानी नहीं होने के कारण घर से बॉल्टी में पानी ले जाकर जैसे -तैसे परम्परा का निर्वाहन करना पड़ रहा है। इसके बावजूद भी इस ओर ध्यान देने वाला कोई नहीं है।

■ तालाब गहरीकरण करने नहीं दे रहे ध्यान, मवेशी भटकने को मजबूर

नगर सहित ग्रामीण ईलाको मे प्राकृतिक जल के मुख्य स्त्रोत तालाब उचित देखरेख एवं संरक्षण के अभाव मे अपना अस्तित्व खोते जा रहे है। जिसका दंश हर साल गर्मी के दिनों में क्षेत्रवासियों को भुगतना पड़ रहा है। अधिकांश तालाब उचित संरक्षण के अभाव में एवं अतिक्रमण के कारण धीरे -धीरे अपना अस्तित्व खो चुके है या फिर खोने के कगार पर है। न तो स्थानीय ग्राम पंचायतो न ही जनपद प्रशासन द्वारा इन तालाबों की समय समय पर सफाई व उचित देखरेख के लिये कोई खास प्रयास करते नजर नहीं आते जिसके चलते तालाबों का अस्तित्व खो रहे है। ग्रामीण ईलाको में जहां एक ओर ग्रामीणों के निस्तार के साथ -साथ पेयजल का भी मुख्य साधन तालाब होते है लेकिन इस गर्मी में तालाबों का पानी तेजी से सूख जाने के कारण ग्रामीण ईलाको के गांवो मे बेहद गंभीर निस्तार की समस्या उत्पन्न हो गई है।





### गहरीकरण का कार्य किया जायेगा

मनरेगा परियोजना कार्यक्रम अधिकारी रमेंश कंवर ने बताया कि जहां भी तालाब सुखा है। गहरीकरण के लिए सरपंच सचिव से प्रस्ताव मंगाया है प्रस्ताव मिलते ही गहरीकरण का कार्य किया जायेगा।



### तालाब में पानी भरने बोर खनन की मांग

मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के लगभग 100 से ज्यादा तालाब अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में ही सूख कर मैदानों में तब्दील हो गया है जिसके चलते इन ग्रामीण ईलाको मे निस्तार की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है और तो और मवेशियो के सामने भी पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार नगर से लगे हरदीभाठा का तालाब जो क्षेत्र का सबसे बड़ा तालाब उसका भी पानी तेजी से सूख कर काफी कम हो चुका है, ज्ञात हो कि हरदीभाठा तालाब में पानी भरने के लिए बोर खनन की मांग लबे समय से किया जा रहा है लेकिन इतना महत्वपूर्ण समस्या के समाधान के लिए कोई ध्यान नहीं देनों समझ से परे है, ग्राम गंगाजमुना, नवमुड़ा, जाड़ापदर, अचानपुर, मुड़ापारा, जिड़ार, बुड़ार, चलकीपारा क्षेत्र के ग्रामो में 100 से ज्यादा तालाब का पानी सूख कर मैदान मे तब्दील हो गया है। प्यास बुझाने के लिये मवेशियों व वन्यप्राणियों को भटकना पड़ रहा है।

### नहीं बनी कार्ययोजना

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के दोनों तालाब की गहरीकरण बेहद जरूरी है, और मनरेगा योजना के तहत गहरीकरण के लिए सरकार लाखों करोडो रूपये स्वीकृत करती है लेकिन मैनपुर नगर में तालाब गहरीकरण के दिशा में कोई पहल नहीं किया जा रहा है, जबकि तालाबों में पानी भरने और गहरीकरण के लिए विशेष कार्ययोजना बनाने की जरूरत है।

# प्रत्येक कार्यकर्ता स्वयं को ताम्रध्वज समझकर जनता के बीच जाये : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ के पूर्व गृहमंत्री एंव महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू सोमवार को बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामो में जनसम्पर्क करने पहुंचे और ग्रामीणों से मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लिया साथ ही कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। श्री साहू दोपहर 12 बजे जैसे ही मैनपुर पहुंचे ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी फूलमाला के साथ बस स्टैण्ड में जोरदार स्वागत किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव काफी महत्वपूर्ण है। प्रत्येक कार्यकर्ता घर -घर जाकर लोगों को कांग्रेस के नीति और रीति से अवगत कराये सभी कार्यकर्ता अपने आप को कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू समझकर वोंट मांगे। निश्चित रूप से जनता का आशीर्वाद हमें प्राप्त होगा। श्री साहू ने कहा कि केन्द्र में कांग्रेस के सरकार बनने पर गरीब परिवार के महिला को 8 हजार 333 रूपये मासिंक यानी साल में 1 लाख रूपया दिया जायेगा। इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बिन्द्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भावसिंह साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि हेमसिंह नेगी, जिलाध्यक्ष खेदू नेगी, टीकम सिंह कपील,गेंदु यादव, प्रियंका कपील भानू सिन्हा, नियाल नेताम, रामस्वरूप मरकाम, डाकेश्वर नेगी, राहुल निमर्लकर, हरचंद ध्रुव, बृजलाल सोनवानी, डोमार साहू, जन्मेजय नेताम,थानुराम पटेल, रोशन राठौर, पवन दीवान, पुनीत ध्रुव, गुमान ठाकुर, चेतन सोनवानी, नीरा कपील, देवमोतिन क"यप, राधा बाई यादव एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# लोकसभा चुनाव : अधिकारी-कर्मचारियों ने शत-प्रतिशत मतदान करने की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



**रिश्तेदारों व पड़ोसियों को मतदान के लिए प्रेरित करें : कलेक्टर**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर जिले में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत संकल्प गरियाबंद ''संकल्प एक अभियान-शत प्रतिशत हो मतदान'' के तहत जिले में लगातार मतदाता जागरूकता से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अधिकारी-कर्मचारियों को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखने, देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में मतदान करने की शपथ दिलायी। इसी प्रकार जिला पंचायत, एसडीएम कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय, स्वास्थ्य विभाग, नगरीय निकायों सहित सभी शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं में अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा मतदान करने तथा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का शपथ लिया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सभी को 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र पहुंचकर मताधिकार का उपयोग करने तथा अपने परिवार, रिश्तेदारों एवं पड़ोसियों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने कहा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार गोलछा ने बताया कि मतदान केन्द्रों में दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्था की गई है। जिससे मतदान करने में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। उन्होंने सभी मतदाताओं एवं रिश्तेदारों को लोकतंत्र के महापर्व में मतदान के रूप में अपना योगदान देने के लिए आग्रह किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार गोलछा, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक डीपी ठाकुर, जिला कोषालय अधिकारी पीसी खलखो, उद्योग विभाग के महाप्रबंधक दीनबंधु ध्रुव, उप संचालक सांख्यिकी ओमप्रकाश देशमुख, श्रमपदाधिकारी ऐलन मिंज सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## मतदाताओं को जागरूक करने अधिकारी-कर्मचारियों ने ली शपथ

**छुरा।** लोकतंत्र के उत्सव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जनसामान्य में जागरूकता लाने के लिए स्वीप अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत जिले के मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसके लिए गठित स्वीप टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी तारत्मय में जिले में प्रतिदिन मतदाता जागरूकता संबंधित कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी रीता यादव के मार्गदर्शन में लगातार किया जा रहा है। इसी कड़ी में सभी शासकीय कार्यालय में मतदाता जागरूकता की शपथ ली गई, जनपद पंचायत चुनाव में मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर के ध्रुव एवं जनपद के इंजीनियर एवं कार्यालय कर्मचारी, रोजगार गारंटी योजना के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उपस्थित होकर मतदाता जागरूकता की शपथ ली।



## बीईओ ने किया सिवनी स्कूल का निरिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी केएल मतावले द्वारा स्कूलों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में वे शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिवनी पंहुचे। संस्था में पदस्थ सभी शिक्षक उपस्थित थे। उनके द्वारा निर्धारित समय सीमा में मूल्यांकन कार्य तथा परीक्षा परिणाम घोषित करने निर्देश दिये तथा आदर्श आचार संहिता का पालन करने एवं किसी भी स्थिति में आचार संहिता का उल्लंघन न हो इस पर अमल करने निर्देश दिया गया।




**संग्रहण के लिए तैयार हो रहें हैं तेंदूपत्ता**

# बारिश ने बढ़ाई तेंदूपत्ता संग्राहकों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र में हरा सोना के नाम से प्रचलित तेंदूपत्ता धीरे-धीरे संग्रहण के लिए तैयार हो रहें हैं। इसकी तोड़ाई मई माह के पहले सप्ताह या उसके बाद शुरू हो जाएगी। इसकी तैयारी संग्राहक कर रहे हैं। शासन ने तेंदूपत्ता मानक बोरा 5500 रूपए रखा गया है। साखकर्तन के बाद गर्मी की तीव्रता पत्तों के पल्लवित होने के लिए सहयोगी होते हैं। अधिक गर्मी पत्तो के तैयार होने में सहायक होते हैं। जैसे- जैसे पते तैयार होते जाएंगे अलग-अलग स्थानों में मई माह के बीच संग्रहण की शुरुआत की जाएगी। क्षेत्र संग्राहको ने बताया कि सामान्य तौर पर जब पत्ता कोमल होता है तो उस समय पानी गिरने के बाद दाने के रूप में गांठ बनने की आंशका बढ़ जाती है। कई जगह पत्तों में छेद होने का खतरा बना रहता है। ऐसे में सभी पत्ते उपयोग के लिए उचित नहीं होते हैं। ज्ञात हो कि चैत्र माह में सोमवार को सावन की जैसे झडी बारिश हुई है। लगातार हर सप्ताह गरज चमक के साथ बारिश हो रही है। जिससे महुआ का फसल को पुरी तरह बर्बाद कर दिया। इस साल महुआ अच्छे थे लेकिन बैमौसम, गरज, चमक ने ग्रामीणों की जीविका पर पानी फेर दिया।



### महुआ फल नहीं गिरने से संग्रहकों में निराशा

इस साल का मौसमी रोजगार छिनता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जंगलों में महुआ नहीं गिरने से संग्रहको को निराशा एवं मायूसी हाथ लगी है। महुआ, चार चिरोंजी, तेंदूपत्ता, सराई बीज आदि मौसमी कार्य इस क्षेत्र के लोगों के लिए जीवन का अहम भाग है। ज्ञात हो कि दिनों दिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई और आग के कारण जलवायु में परिवर्तन हो रहा है जिससे पर्यावरण का संकट बढ़ रहा है। बैमौसम हुई बारिश ने तेदू पत्ते की क्वालिटी को प्रभावित करने की आंशका व्यक्त किए जा रहे हैं।




